नवभारत
भोपाल, बुधवार, 6 मई 2026

प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

बैतूल, 5 मई. बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

खसरा रिकार्ड में सुधार करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में चिचोली निवासी अजय खुरसना ने निजी भूमि पर जबरन फसल नष्ट करने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार चिचोली को पुलिस से समन्वय कर आवेदक की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।घोड़ाडोंगरी निवासी मालतीराव की सीमांकन संबंधी शिकायत का तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। ग्राम कुंडई निवासी नकुल ने मरीज की गंभीर समस्या को देखते हुए सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

खसरा रिकॉर्ड में सुधार किए जाने के निर्देश

जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम बोड़खी निवासी अल्पना बामने ने खसरा रिकॉर्ड में सुधार किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने भैंसदेही एसडीएम को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम सूखाखेड़ी निवासी झनक सिंह ने आवेदन के माध्यम से भूमि का अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने के निर्देश

जनसुनवाई में हमलापुर निवासी जमुना विश्वकर्मा ने आवासीय पट्टा प्रदाय किए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया प्राप्त। आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम बैतूल को जांच के निर्देश दिए। ग्राम कुंडई निवासी नकुल ने मरीज की गंभीर समस्या को देखते हुए सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ और श्रम विभाग के अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। सोनाघाटी निवासी कमला पंडाग्रे ने भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन न दिखने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम शाहपुर को जांच कर आवेदक की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। बैतूल निवासी रविंद्र चौकीकर ने अनावेदक के खेत से आने जाने का रास्ता दिलाने के लिए आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर ने आमला तहसीलदार को मौका की जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

अभियान : युवाओं ने जलकुंभी हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश

बैतूल। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जिले की जीवनदायिनी माचना नदी को स्वच्छ और अविरल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में ग्रीन टाइगर संस्था के तरुण वैध के साथ शमशेर सिंह भोसले, नगर सोनाघाटी पारधी बस्ती के युवा एवं स्वस्ति सेवा समिति के सेवाभावी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। युवाओं ने नदी में उतरकर जलकुंभी निकालने का सराहनीय कार्य किया। इस प्रयास से न केवल नदी के प्रवाह को सुचारू बनाने में मदद मिली, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। अभियान में शामिल युवाओं का उत्साह और समर्पण देखने लायक रहा। प्रति रविवार पद्मश्री मोहन नागर, जल प्रहरी तरुण वैद्य एवं जन अभियान परिषद के नेतृत्व में यह नदी पुनर्जीवन अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। धीरे-धीरे इसमें जनसहभागिता भी बढ़ रही है, जिससे माचना नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

एक नजर में

नेशनल लोक अदालत 9 मई को

बैतूल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई को प्रातः 10.30 बजे से न्यायालय परिसर बैतूल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल दिनेश चंद्र थपलियाल के द्वारा लोक नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जाएगा।

जनगणना को जिम्मेदारी के साथ किया जाए

बैतूल। जनगणना कार्य को लेकर एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर जनगणना चार्ज अधिकारी गोवर्धन पाठे तहसीलदार ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम डॉ. सिंह ने कहा कि जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। सभी कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें और घर-घर जाकर सटीक व पूर्ण जानकारी एकत्रित करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। साथ ही जनगणना के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

फील्ड टेस्टिंग किट से जल जांच का दिया प्रशिक्षण

बैतूल। बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चिचोली में ग्रामीण महिलाओं को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यपालन यंत्री के मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक वैशाली आर्य ने एनआरएलएम समूह की महिलाओं को एफटीके फील्ड टेस्टिंग किट से पानी की गुणवत्ता जांचने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में महिलाओं को गांव स्तर पर पेयजल परीक्षण, जल संरक्षण और जल संवर्धन के उपाय बताए गए। साथ ही नल जल योजनाओं को मजबूत बनाने में ग्राम पंचायत के साथ समन्वय कर काम करने और जलकर वसूली की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

हादसा : ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 25 घायल, एक बुजुर्ग की मौत

बैतूल। मोहदा थाना क्षेत्र अंतर्गत खेरा कुनखेरी हनुमान मंदिर के पास सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में करीब 25 लोग घायल हो गए, जबकि 90 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 35 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल थे। सभी लोग गुप्तवाड़ा में पूजा-अर्चना कर अपने गांव लौट रहे थे। बीती रात करीब 8 बजे जैसे ही वाहन खेरा कुनखेरी हनुमान मंदिर के पास एक तीखे मोड़ पर पहुंचा, चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और मोहदा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। 112 के पायलट गोविंद बिल्लोरे, प्रधान आरक्षक सचिन माहोरे और एसआई रामस्वरूप रघुवंशी ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने 112 वाहन और निजी वाहनों की मदद से घायलों को भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। समय रहते राहत कार्य शुरू होने से बड़ा नुकसान टल गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल बैतूल में भी अतिरिक्त डॉक्टरों की व्यवस्था की गई। देर रात करीब 2 बजे तक 13 गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे में भोडिलावा निवासी बुकला (उम्र करीब 90 वर्ष) की मौत हो गई। उनका पोस्टमार्टम भीमपुर में कराया जाएगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा तेज मोड़ पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ने से हुआ। फिलहाल मोहदा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

अधिकारियों ने उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

आठनेर। रबी उपार्जन वर्ष 2026- 27 की खरीदी प्रारंभ होने के बाद जिले के एफसीआई अधिकारियों ने भी जिले के सभी उपार्जन केदो पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने किया निर्देशित

खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्था बनाने के दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान एफसीआई के क्वालिटी इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह एवं सर्वेयर कोऑर्डिनेटर तन्मय पवार ने मंगलवार दोपहर 3 बजे आठनेर तहसील के सभी उपार्जन केदो पर पहुंचकर क्वालिटी एवं खरीदी की जानकारी सर्वेयरों एवं खरीदी प्रभारियों से ली है, वहीं उन्होंने नमी मापन यंत्रों की भी जानकारी ली है । इसके पूर्व दोपहर12 बजे सहकारिता विस्तार अधिकारी बैतूल विनय सिंह ने आठनेर तहसील के सभी खरीदी केदो पर पहुंचकर खरीदी की गई मात्रा एवं किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

कोल नगरी में आईपीएल पर चल रहा लाखो का सट्टा

सारनी। कोल नगरी में आईपीएल क्रिकेट मैच पर लाखो रुपयों का सट्टा खिलाया जा रहा है। इस गोरखधंधे में भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं के नाम भी सामने आ रहे है। हालांकि पुलिस विभाग को इस मामले की जानकारी होने के बाद भी चुप्पी साधे हुए है। बताया जाता है कि कोल नगरी में बड़े पैमाने पर क्रिकेट मैच पर सट्टा का खेल चल रहा है। कोल नगरी एवं सारनी में सुदखोरी एवं क्रिकेट मैच में लाखो रुपयों का लेनदेन होने की वजह से कई लोग आत्महत्या कर चुके है। हाल ही में एक विद्युत कर्मी ने सुदखोरी की चलते आत्महत्या कर ली है। पुलिस को मृतक का सोसाइट नोट मिला है। सोसाइट नोट मे सुदखोर का नाम होने की चर्चा है। परंतु पुलिस ने सोसाइट नोट मे क्या लिखा है, इस बात का खुलासा नहीं किया है। बताया जाता है कि आईपीएल क्रिकेट मैच में रोजाना लाखो रुपयों का सट्टा खेला जा रहा है। कोल नगरी में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर क्रिकेट मैच पर सट्टे के दांव लग रहे है। कई लोग क्रिकेट मैच में सट्टे की वजह से बर्बाद हो रहे है। वरिष्ठ नागरिक मंच ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कोल नगरी में क्रिकेट मैच में चल रहे सट्टे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

नारी शक्ति वंदन बिल का समर्थन, प्रस्ताव पारित

मुलताई। नगरपालिका परिषद मे मंगलवार को परिषद की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे आगामी 7 जुलाई को ताप्ती जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जन्मोत्सव के लिए 12 लाख रुपए का बजट भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।वहीं बैठक मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक मे मां ताप्ती जन्मोत्सव के पहले ताप्ती सरोवर और घाटों की पुताई कर उन्हें साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जाएगा।ताप्ती तट पर आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठेगा।ताप्ती जन्मोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इनमें झांकियां निकाली जाएंगी, जो नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करेंगी। रंगोली प्रतियोगिता और आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता जैसे आयोजन भी होंगे, जिनमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर 251 लीटर दूध से मां ताप्ती का अभिषेक होगा। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया।वहीं ताप्ती तट पर मछली चोरी रोकने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नपा अध्यक्ष नीतू परमार सहित पार्षद मौजूद रहे।

मजदूर के शोषण को लेकर डॉ. सुनीलम ने सीएम से की मांग

मुलताई। किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं जिलाधीश बैतूल को पत्र लिखकर मुलताई तहसील के ग्राम डहरगांव में संचालित हार्टीफ्रूट आईजी बेरीज (ब्लू बेरी) कंपनी के खिलाफ मजदूर शोषण व जल अधिकार हनन की उच्चस्तरीय जांच और कार्यवाही की मांग की है।डॉ. सुनीलम ने कहा है कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से ब्लू बेरी कंपनी द्वारा श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 478 रुपये प्रतिदिन के स्थान पर मात्र 400 रुपये दिए जाने, मजदूरों को पीएफ, बीमा, चिकित्सा सुविधा, शौचालय एवं सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाने तथा वर्धा डेम से अवैध रूप से पानी लिये जाने की जानकारी प्राप्त हुई हैं जो श्रम कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन तो है ही किसानों के जल अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा पानी के अत्यधिक उपयोग से क्षेत्र के किसानों की फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच गई हैं। डॉ. सुनीलम ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए,जिससे किसानों एवं मजदूरों को न्याय मिल सके।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 200 जोड़े परिणयबद्ध

मुलताई। जनपद पंचायत मुलताई द्वारा मंगलवार को ब्लॉक के ग्राम चंदोराखुर्द मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सम्मेलन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हिंदू जोड़ों के विवाह हुए तो वहीं एक मुस्लिम जोड़े का निकाह भी सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार, जनपद अध्यक्ष नान्ही बाई डहारे, एसडीएम राजीव कहार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जिन्होंने नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। ग्राम के मीडिल स्कूल परिसर मे आयोजित विवाह समारोह के पहले सामूहिक बारात निकाली गई। बारात मे करीब 200 दुल्हे के साथ नाचते गाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार शामिल हुए। इस दौरान प्रशासन द्वारा बारातियों एवं घरातियों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई, वहीं विशाल पंडाल, बैठक एवं अन्य जरुरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई।

तेंदूपत्ता संग्रहण से आर्थिक सशक्त हो रही हैं पेसा ग्राम सभाएं

बैतूल। भारत सरकार पंचायत उपबंध पेसा एक्ट 1996 एवं म.प्र.पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियम 2022 के तहत तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन कार्य के लिए पेसा ग्राम सभाओं का क्रेता के साथ अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण की गई।

जिसमें जनपद पंचायत भीमपुर सभा कक्ष में जनपद पंचायत भीमपुर एवं चिचोली की संयुक्त बैठक एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत भीमपुर के कुल 12 ग्राम सभा एवं जनपद पंचायत चिचोली के कुल 09 ग्राम सभा कुल 21 ग्राम सभा का तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन कार्य के लिए वर्ष 2026 के लिए क्रेता एवं ग्राम सभाओं के मध्य अनुबंध की कार्यवाही में प्रति मानक बोरा न्यूनतम दर 9278 रुपये एवं अधिकतम दर 10699 रुपए प्रति मानक बोरा के दर से अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण की गई। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भीमपुर नानसिंह चौहान, पेसा जिला समन्वयक सुखदेव उईके के द्वारा ग्राम सभा निधि के सदस्यों एवं पेसा मोबलाईजर्स को तेंदूपत्ता की गुणवत्ता एवं सक्रिय कार्य करने और अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। जिला समन्वयक श्री उईके द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम सभाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाए, ग्राम सभाओं की बैठकें समय पर हो और बैठक की कार्यवाही पेसा निर्णय पोर्टल में शेड्यूल किया जाए। साथ ही ग्राम सभा के सदस्यों से आग्रह भी किया गया कि ग्राम सभाएं सतत रूप से बैठक एवं चौपाल करें और ग्राम के प्रत्येक मतदाता की बात सुने और समझे ताकि ग्राम सभाओं में जागरूकता बढ़ सके।

आटा लोई में छिपे बम फटे, 3 गायों की मौत

बैतूल। शाहपुर में तालाब के पास गोवंश के मुंह धमाकों से फट गए। इससे 3 गायों की मौत हो गई। वहीं 11 गोवंश घायल हो गए। उनके मुंह और जबड़े बुरी तरह फट गए हैं। मामला शाहपुर के कोयलारी गांव (पंचायत कछार) में मंगलवार का है। यहां राकेश चौहान के खेत के पास बने एक छोटे तालाब पर गोवंश पानी पीने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां रखे आटे के गोले जैसे दिखने वाले एक संदिग्ध पदार्थ को खाते ही जोरदार धमाके हुए। जांच के लिए नर्मदापुरम से बम स्क्वाड पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विस्फोट इतना भयानक था कि कई गोवंश के मुंह पूरी तरह फट गए और उनके जबड़े तक अलग हो गए। सूचना मिलने पर ग्रामीण, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आटे की लोई के आकार में विस्फोटक सामग्री रखी गई थी, जिसे खाने से यह हादसा हुआ। हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि गायों के जबड़े पूरी तरह उड़ गए हैं। वे जीवित तो हैं, लेकिन अब कुछ भी खा-पी पाने की स्थिति में नहीं हैं। घटनास्थल पर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, पटवारी और पशु चिकित्सकों की टीम मौजूद है। घायल गोवंश का इलाज जारी है। भौंरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह देसी सुअर मार बम जैसा विस्फोटक प्रतीत हो रहा है। इसकी पुष्टि के लिए नर्मदापुरम से बम स्क्वॉड टीम बुलाई गई है, जो जांच कर रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

हाईवे किनारे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बैतूल। मिलानपुर जोड़ के पास मंगलवार को नेशनल हाईवे किनारे एक पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। शव की पहचान खंडवा निवासी रिंकू साबनेरे के रूप में हुई। उसकी जेब से मिली एक पर्ची के आधार पर यह शिनाख्त संभव हो पाई। पुलिस के अनुसार, हाईवे किनारे कृषि विज्ञान केंद्र की बाड़ के पास करीब 14 फीट ऊंचे पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ मिला था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। तलाशी के दौरान युवक की जेब से एक पर्ची मिली, जिसमें उसके भाइयों के मोबाइल नंबर दर्ज थे। इन्हीं नंबरों के माध्यम से पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर पहचान की पुष्टि की। जानकारी के मुताबिक, मृतक का ससुराल वरुड में है और वह पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। वह भिलट बाबा के दर्शन करने भी गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि रिंकू कुछ दिनों से परेशान दिख रहा था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। उसके पास से एक महिला और बच्चे की फोटो भी बरामद हुई है। इस मामले में परिजनों द्वारा अलग-अलग तरह की जानकारी दिए जाने की बात सामने आई है, जिसके चलते पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। बैतूल बाजार थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि मामले की जांच जारी है। फिलहाल, शव को जिला अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

भाजपा की कामकाजी बैठक का हुआ आयोजन

मुलताई। नगर के भाजपा कार्यालय में मंगलवार को मंडल स्तरीय कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी राम चरण मालवीय ने बताया कि मंडल स्तरीय कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि पश्चिम बंगाल,असम,पांडिचेरी भाजपा को मिली प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत शीर्ष नेतृत्व की कुशल रणनीति एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संगठन की मजबूती का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में जीत मिलने पर कार्यकर्ता उत्साहित है यह जीत कई कार्यकर्ताओं के बलिदान एवं मेहनत का परिणाम है। भाजपा का मूल उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को दायित्व को मिलने पर निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करना जरूरी है। जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों संगठन विस्तार एवं मंडल की संरचनात्मक मजबूती से जुड़े विषय पर विचार रखें। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करने एंव संगठन की गतिविधियों में कार्यकर्ताओं को सतत सक्रिय रखने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहसंयोजक तुलसीराम बारस्कर ने आभार व्यक्त किया गया। बैठक में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सहसंयोजक तुलसीराम बारस्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, एल्डरमैन राजू चौबे श्यामू नंदकिशोर बरखा डे, भूषण चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।